जामिया मिल्लिया इस्लामिया
जनसंपर्क एवं मीडिया समन्वयक कार्यालय

13 जुलाई 2020

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया, कोविड-19 के मौजूदा हालात में छात्रों की रोज़गार क्षमता बेहतर बनाने के लिए 'ऑनलाइन समर स्कूल ऑन जॉब रेडीनेस' प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है**

कोविड-19 महामारी के चलते सिकुड़ते रोज़गार के अवसरों को देखते हुए, जामिया मिल्लिया इस्लामिया का यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल (यूपीसी) 16 जुलाई से 24 जुलाई, 2020 तक "ऑनलाइन समर स्कूल ऑन जॉब रेडीनेस" पर के एक सप्ताह का प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है, जिससे छात्र इस माहौल में भी रोजगार के अवसरों के लिए बेहतर तैयारी कर सके। इस प्रोग्राम का गूगल मीट पर, 16 जुलाई को शाम 3 बजे ऑनलाइन उद्घाटन होगा। विप्रो लिमिटेड, यूनाइटेड किंगडम के ग्लोबल बिजनेस हेड, श्री अनीस खान, उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि हैं । वह "वैश्विक अर्थव्यवस्था के बदलते हालात में भविष्य के ज़रूरी कौशल" पर उद्घाटन भाषण देंगे। जामिया की कुलपति प्रो नजमा अख्तर इस सत्र की अध्यक्षता करेंगी।

कुलपति प्रो नजमा अख्तर के संरक्षण में आयोजित हो रहा यह आयोजन निश्चित तौर पर विश्वविद्यालय के छात्रों के रोजगार कौशल को बढ़ाएगा।

इस प्रोग्राम में आत्म-विश्लेषण, व्यक्तित्व विकास, संचार और प्रस्तुति कौशल, समूह चर्चा, लक्ष्य निर्धारण, टीम वर्क, प्रभावी लेखन, क्रैकिंग इंटरव्यूर आदि जैसे विषय कवर किए जाएंगे। मौजूदा माहौल में यह कार्यक्रम छात्रों को समग्र रोजगार कौशल को बढ़ाने में मदद करेगा। कार्यक्रम के पूरा होने के बाद इसमें हिस्सा लेने वाले सभी छात्रों को ई-प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

इस ऑनलाइन आयोजन के अन्य वक्ताओं में एपीजे सत्या एंड स्वरण के सीईओ श्री जुहैब टी ख़ान, ग्लोबल सीपी-बिजनेस लीड, डियाजिया के श्री दिवेश धवन, यूरोप, मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका, नेस्ले के क्षेत्रीय सोर्सिंग मैनेजर शेरफुर रहमान, डिजिटल एंड ऑफलाइन, इंडोस्पिरिट ग्रुप के हेड-मार्केटिंग श्री समीर शर्मा, एम्प्लॉई काउंसलिंग, दुबई इलेक्ट्रिसिटी एंड वाटर अथॉरिटी की डिप्टी सीनियर मैनेजर सुश्री रूपा एच शर्मा, श्री करण सखुजा, सीनियर प्रोडक्ट मैनेजर, फोब्र्स डॉट कॉम, सुश्री रूही धर, कॉर्पोरेट ट्रेनर, श्री संजय बक्सला, पूर्व सीनियर वीपी-एचआर, डीएलएफ लिमिटेड, इंडियन सब कांटिनेंट की डायरेक्टर स्कूल सुश्री रितिका सुभाष, प्रतिभा विकास विशेषज्ञ, दुबई के श्री नदीम हसन, डालमिया ग्रुप के डायरेक्टर -एचआर श्रीराजकमल गुप्ता और कॉर्पोरेट ट्रेनर श्री जमाल शाह, प्रो नौशाद एच मुलिक, प्रो शाहिद अख्तर, प्रो निशात हैदर तथा प्रो रिहान खान सूरी शामिल हैं।

अपनी स्थापना के 100 वें साल में दाखिल होने वाले जामिया मिल्लिया इस्लामिया को एमएचआरडी के एनआईआरएफ ने हाल ही में देश के शीर्ष 10 विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल किया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जामिया ने 751-800 की श्रेणी में अपनी जगह बनाए रखी। अपनी स्थापना के समय से ही जामिया छात्रों के करियर विकास पर ख़ास ध्यान देता आया है।

छात्र इस "ऑनलाइन समर स्कूल ऑन जॉब रेडीनेस" आयोजन में हिस्सा लेने के लिए https://forms.gle/YohU2HspumGr8C6f7 पर अपने को रजिस्टर करा सकते हैं।

**अहमद अज़ीम**
जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया समन्वयक